समस्या | ट्रेन की लेटलतीफी का सबसे गंभीर असर, कर्मचारी त्रस्त

सुस्त चाल से चल रही ट्रेन, यात्री हो रहे परेशान

नवभारत,गोटेगांव। गोटेगांव रेलवे स्टेशन पर पिछले काफी समय से विंध्याचल एक्सप्रेस की बिगड़ी चाल यात्रियों के लिए भारी मुसीबत का सबब बन गई है। रेल प्रशासन की अनदेखी के कारण यह ट्रेन अपनी निर्धारित समय सारिणी से घंटों पिछड़ रही है, जिससे यात्रियों में गहरा रोष व्याप्त है। जो ट्रेन नियमानुसार सुबह 7ः50 बजे गोटेगांव स्टेशन आनी चाहिए, वह अब प्रतिदिन दोपहर 12ः30 बजे के बाद ही पहुँच पा रही है।

आर्थिक और मानसिक मार

4 से 5 घंटे की इस नियमित देरी ने आम नागरिकों और दैनिक यात्रियों का पूरा शेड्यूल बिगाड़ कर रख दिया है। ट्रेन की इस लेटलतीफी का सबसे गंभीर असर उन शिक्षकों और शासकीय कर्मचारियों पर पड़ रहा है जो प्रतिदिन अपनी सेवाओं के लिए दूसरे शहरों का सफर तय करते हैं। दफ्तर और शिक्षण संस्थानों में समय पर न पहुँच पाने के कारण इन कर्मचारियों को न केवल उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ रही है।

स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव और सूचनाओं की कमी

बल्कि वेतन कटौती की मार भी सहनी पड़ रही है। यही स्थिति प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों की भी है, जिनकी नौकरी पर संकट मंडराने लगा है। स्टेशन पर ट्रेन के आने का सही समय पता न चल पाने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को कड़कड़ाती धूप और प्लेटफॉर्म की अव्यवस्थाओं के बीच घंटों भूखे-प्यासे बैठकर इंतजार करना पड़ता है। सूचना तंत्र की विफलता के कारण यात्रियों को यह भी पता नहीं चलता कि ट्रेन कितनी और देरी से आएगी।

समय सुधारने की मांग

शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने रेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से इस समस्या की ओर ध्यान देने की पुरजोर मांग की है।

लोगों का कहना है कि विंध्याचल एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेन का समय सुधारा जाना जनहित में अनिवार्य है, ताकि क्षेत्र के हजारों यात्रियों को इस रोज-रोज की परेशानी और मानसिक प्रताड़ना से छुटकारा मिल सके।

विकास कार्यों के लिए 40 लाख की स्वीकृति

नवभारत, गाडरवारा। क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह की अनुशंसा पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 40 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत कार्यों का विवरण इस प्रकार है—जनपद पंचायत साईंखेड़ा की ग्राम पंचायत खुर्सीपार में बाजार परिसर के पास टीन शेड निर्माण हेतु ङ्क10 लाख, चीचली नगर परिषद में ताम्रकार समाज सामुदायिक भवन निर्माण हेतु ङ्क 5 लाख, गाडरवारा के इंदिरा वार्ड, चंद्रकेशर कॉलोनी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु ङ्क 5 लाख, सच्चिदानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, साईंखेड़ा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु ङ्क 20 लाख, इन विकास कार्यों से क्षेत्र में सामाजिक, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। बाजार क्षेत्र में टीन शेड बनने से व्यापारियों एवं ग्रामीणों को सुविधा होगी, वहीं सामुदायिक भवनों के निर्माण से सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहूलियत मिलेगी। स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा।

होली शांतिपूर्ण संपन्न कराने कड़े सुरक्षा इंतजाम

नवभारत,नरसिंहपुर। पुलिस की ताबडतोड कार्यवाही दो दिवस में कुल 106 प्रकरण पंजीवद्ध, 186 आरोपियों को जेल भेजा गया। लगभग 3 लाख कीमत की कुल 30 पेटी देशी शराब, 500 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 750 पाव अंग्रेजी शराब जप्त। कार्यवाही के दौरान लगभग 1500 किलोग्राम महुआ लहान भी किया गया नष्ट। 215 संदिग्धों के विरूद्ध की गयी सख्त प्रतिबधात्मक कार्यवाही। सोशल मीडिया एवं आसमाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर। शांति भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात, ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी।

होली एवं धुरेड़ी पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं शांति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नरसिंहपुर पुलिस द्वारा दो दिवसीय अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत अवैध शराब तथा असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। अभियान का उद्देश्य आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करें तथा होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना है। विगत दो दिवस में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त, लगभग 186 आरोपियों को भेजा गया जेल ः इस विशेष अभियान के तहत विगत दो दिवस में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध रूप से शराब का परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान अवैध शराब जप्त कर संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए जाकर जेल भेजा गया है। अवैध शराब के विरूद्ध के विरूद्ध ताबडतोड कार्यवाही ः लगभग 3 लाख कीमत की कुल 30 पेटी देशी शराब, 500 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 750 पाव अंग्रेजी शराब जप्त । कार्यवाही के दौरान लगभग 1500 किलोग्राम महुआ लहान किया गया नष्ट। असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही, 139 वारंटो को किया गया तामील। 57 गुंडा बदमाश एवं 45 निगरानी बदमाशों को चेक किया गया। 219 व्यक्तियों को कराए गए नोटिस तामील। 215 संदिग्धों पर की गयी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही फ्लैग मार्च एवं विशेष सर्चिंग अभियान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च एवं विशेष सर्चिंग अभियान चलाया लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी सघन सर्चिंग की जा रही है। सोशल मीडिया एवं आसमाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर पुलिस की टीमों द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है तथा फिक्स प्वाइंट लगाकर आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस की विशेष टीमों द्वारा सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री पर तत्काल कार्यवाही की जा सके।

रंग गुलाल, पिचकारी, कार्टूनों की सज गईं दुकानें

नवभारत,गोटेगांव। नगर में रंग गुलाली का पावन त्योहार होली के आते ही जगह जगह बाजारों में रंग गुलाल एवं पिचकारिओं टोपियो तरहतरह मुखड़े वाले कार्टूनों हर्बल रंगों की रंग बिरंगी दुकानें सजने के साथ साथ मूर्तिकारों के यहां पर भक्त प्रहलाद एवं होलिकादेवी मूर्तियां तैयार करने का काम जोरशोर के लगा हुआ है, मुख्य बाजार भगतराम चौराहा श्रीदेव ठाकुर बाबा नया बसस्टैंड रिपटा रोड बैलहाई बाजार पेट्रोलपंप सब्जी मंडी पुराना बसस्टैंड फुआरा चौक सहित अन्य स्थानों पर रंगबिरंगी पिचकारिओं तरह तरह की रंग गुलाल पीली मिट्टी हर्बल रंग सहित विभित्र प्रकार को मनमोहक कार्टून पिचकारिया जनआकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

स्थापित होगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 10 फीट ऊँची प्रतिमा

नवभारत,गोटेगांव। नगर के बेल्हाई क्षेत्र में आगामी 17 जून को वीर शिरोमणि क्षत्रिय कुलभूषण महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के तहत 10 फीट ऊँची आकर्षक प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा तथा संबंधित चौराहे का नामकरण महाराणा प्रताप चौक' किया जाएगा। प्रतिमा स्थापना को लेकर आज दिनांक 28 फरवरी को भूमि पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजपूत क्षत्रिय समाज सहित अन्य समाजों के प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन सामाजिक समरसता का प्रतीक बन



गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरसिंहपुर पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है, जिनसे प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकती है। बताया गया कि क्षत्रिय राजपूत सभा द्वारा नगर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना की योजना कई वर्षों से बनाई जा रही थी। राजपूत क्षत्रिय सभा की युवा इकाई के अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह राजपूत के विशेष प्रयासों से यह संकल्प साकार रूप ले रहा है। गत वर्ष दीपावली मिलन कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल एवं गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश को आमंत्रित कर नगर में प्रतिमा स्थापना एवं राजपूत क्षत्रिय सभा के लिए सामूहिक भवन निर्माण की मांग रखी गई थी। दोनों जनप्रतिनिधियों ने उस समय इस मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया था, जो अब मूर्त रूप ले रहा है। राजपूत क्षत्रिय सभा के जिला अध्यक्ष ठाकुर इंद्रभूषण सिंह मानेगांव एवं राजपूत क्षत्रिय सभा गोटेगांव इकाई के युवा अध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा 18 लाख रूपये में ग्वालियर से मंगाई जा रही है, स्थापित की जाने वाली प्रतिमा 10 फीट ऊँची होगी।

दिन दहाड़े महिलाओं ने की चोरी, सीसीटीवी में कैद

नवभारत,नरसिंहपुर। शहर मुख्यालय के गांधी वार्ड श्याम टॉकीज के पास नेमा कॉम्प्लेक्स में स्थित अम्बा जी किराना बाजार से बीते दिन दोपहर 2 बजे 2 महिलाओं के द्वारा दुकान संचालक अमित नेमा से सामान खरीदने के दौरान दुकान से तेल के डब्बे की चोरी की, पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई, वीडियो फुटेज के मुताबिक जब अमित एक महिला को चावल दिखाने के लिये निकालने गए इतनी देर में महिला ने पैर से तेल का भरा डिब्बा खिसकाकर दुकान के बाहरी तरफ किया और दुकान के बाहर खड़ी दूसरी महिला ने वह डिब्बा उठाकर निकल गई, इस तरह दो महिलाओं के गिरोह ने दिन दहाड़े दुकानदार की मौजूदगी में चोरी की वारदात को अंजाम दिया, घटना की शिकायत थाना कोतवाली में लिखित दर्ज करवाई है।

एक नजर में

84 मरीजों का हुआ नि :शुल्क उपचार

नवभारत,गाडरवारा। साई धामं मंदिर समिति कान्हरगाव के युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है ।को चरितार्थ करते हुये। माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन हर माह के पहले रविबार को किया जाता है। जिसमें इस रविबार 79 वें कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें शहरों एंव अनेक गावों के लगभग 84 मरीजों ने अपना उपचार करवाया ।साथ ही युवाओं द्वारा निशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। वही मेडीकल केंप को पालिथिन मुक्त रहां सभी मरीजों को कागज के पाकिट एंव कपड़े के थेले में दवाईयां वितरित कि गयी ।मेडीकल कैम्प में,डाक्टर स्वाती कुरचानिया,डाक्टर संजय मोदी,डाक्टर,अरूण दोहरे,डाक्टर दुर्गेश पटेल,डाक्टर करूणा मालवीय, सहयोगी,राहुल गिरी गोस्वामी,नीलेश कुशवाहा,प्रशात सोनी,आकाश रजक, सहित साई धांम मंदिर सेवा समिति के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान कि। मेडीकल कैम्प में बरेली,चिर्रिया महगवां,ढाना,धनौरा,इमलिया,कठौतिया,महलबाड़ा,साईखेड़ा,बम्हेरी,चीचली,सलैया,गाडरवारा, कान्हरगाव सहित अनेक गावों के मरीज उपस्थित रहे।

शांतिपूर्ण संपन्न हो गई पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं

नवभारत,तेंदूखेड़ा। शैक्षणिक सत्र 2025 26 लगभग समाप्ति की ओर है। कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं लगभग शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है वहीं कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं भी अंतिम चरणों में पहुंच गई है। कक्षा 9 वी एवं 11वीं की परीक्षाएं भी 28 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। तथा कक्षा 6 एवं 7 तथा 3 एवं 4 की परीक्षाएं भी शीघ्र ही प्रारंभ होने वाली है। हमारे प्रतिनिधि को विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी एवं स्रोत समन्वयक सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि विकासखंड के सभी नौ जनशिक्षा केंद्रों पर पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षाएं निर्विघ्न रूप से संपन्न हुई। आगामी 5 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा में प्रारंभ हो जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। समय सीमा में परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सकेगा ।और आगामी 1 अप्रैल से शाला में प्रवेशोत्सव दिलाया जा सकेगा। इस बार विकासखंड के 9 जनशिक्षा केंद्रों में 5421 परीक्षार्थी शामिल हुए थे ।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी केंद्र में सर्वाधिक 428 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें से चार विद्यार्थी अनुपस्थित रहे बाकी सभी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। वही शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न होने पर शाला परिवार के द्वारा सभी परिवेक्षकों और परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने वाले जन शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

अग्रवाल महिला मंडल के गाडरवारा के चुनाव संपन्न

नवभारत,गाडरवारा। नगर में सामाजिक एवं सेवाभावी गतिविधियों में निरंतर सक्रिय अग्रवाल महिला मंडल गाडरवारा के द्विवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इस अवसर पर पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध किया गया। बैठक में महिला मंडल की अध्यक्ष पद पर मृदुला अतुल अग्रवाल एवं सचिव पद पर साधना अग्रवाल का चयन किया गया। अन्य पदाधिकारियों का चयन नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा सभी सदस्यों से चर्चा एवं सहमति के उपरांत किया जाएगा। चुनाव के अवसर पर अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष रवि खजांची, अग्रवाल समाज गाडरवारा तथा श्री देव लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट गाडरवारा द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई। बैठक उपरांत महिला सदस्यों ने एक-दूसरे को फूलों की होली गुलाल लगाकर स्वागत किया।

कंडों की होली से होगा होलिका दहन

नवभारत,गाडरवारा। स्थानीय चुंगी नाका स्थित शास्त्री वार्ड में माँ बीजासेन सामाजिक कल्याण सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी होलिका उत्सव पर पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया जा रहा है। समिति द्वारा आज सोमवार रात्रि 12ः30 बजे शुभ मुहूर्त में विधिवत पूजन-अर्चन के उपरांत कंडों की होली का दहन किया जाएगा। समिति ने इस वर्ष भी कंडों से निर्मित होली को प्राकृतिक रंगों एवं पारंपरिक सजावट से आकर्षक रूप दिया है, जो क्षेत्रवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल देखा जा रहा है। गौरतलब है कि माँ बीजासेन सामाजिक कल्याण सेवा समिति जनहित में निरंतर निस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए जानी जाती है। समिति के सामाजिक और धार्मिक आयोजन सदैव अनुकरणीय और प्रशंसनीय

रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कंडों की होली पारंपरिक और पर्यावरण अनुकूल पद्धति मानी जाती है। इसमें लकड़ी की अधिक कटाई से बचाव होता है तथा सीमित धुआं उत्पन्न होता है, जिससे वायु प्रदूषण कम होता है। समिति का उद्देश्य है कि होली जैसे पारंपरिक पर्व को प्रकृति के संरक्षण के साथ मनाया जाए और समाज को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाए। समिति ने नागरिकों से अपील की है कि वे भी पर्यावरण हितैषी तरीकों को अपनाकर त्योहारों को मनाएं और स्वच्छ व हरित गाडरवारा के निर्माण में सहयोग दें।

जगतगुरु शंकराचार्य के समर्थन में उतरा जनसैलाब

नवभारत,नरसिंहपुर। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के विरुद्ध उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए कथित फर्जी मुकदमे को लेकर नरसिंहपुर जिले के सनातनी प्रेमियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस षड्यंत्र के विरोध में बड़ी संख्या में एकत्रित धर्मप्रेमियों ने शहर के मुख्य सुभाष पार्क चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपित आशुतोष ब्रह्मचारी का पुतला दहन कर अपनी नाराजगी जाहिर की।

बृजविहारी सरकार और अनिकेत कृष्ण महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि आशुतोष ब्रह्मचारी, जो स्वयं एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, उसने एक सोची-समझी साजिश के तहत महाराजश्री पर निराधार और झूठे आरोप लगाए हैं। यह कृत्य न केवल एक प्रतिष्ठित धार्मिक विभूति की छवि धूमिल करने की कोशिश है, बल्कि समस्त सनातन समाज की आस्था पर भी गहरा आघात है। प्रदर्शन के पश्चात सनातन और शंकराचार्य प्रेमियों ने एसडीएम मणीन्द्र कुमार सिंह को महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि महाराजश्री के खिलाफ दर्ज इस फर्जी मुकदमे को तत्काल निरस्त किया जाए और झूठे आरोप लगाने वाले व्यक्ति के पुराने आपराधिक रिकार्ड की बारीकी से जांच कर उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराकर सत्य को सामने लाने की अपील की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा और वरिष्ठ जन उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में महाराजश्री को न्याय दिलाने और सनातन धर्म के गौरव की रक्षा करने का संकल्प दोहराया।

खदान में पांच विभागों का पहरा, फिर भी सुरक्षा रिकॉर्ड लापता

खनिज विभाग के जवाब ने खड़े किए गंभीर सवाल

नवभारत,गाडरवारा,नरसिंहपुर। जिले की गोटिटौरिया कोयला खदान में नियमों की अनदेखी का मामला अब एक बड़े प्रशासनिक और सुरक्षा संकट में तब्दील होता जा रहा है। एक तरफ बसपा विधानसभा प्रभारी ने खदान माफिया और भ्रष्ट अधिकारियों के सिंडिकेट से खुद की जान को खतरा बताते हुए पुलिस अधीक्षक (SP) से सुरक्षा की गुहार लगाई है, वहीं दूसरी ओर खनिज विभाग ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए चार अन्य संस्थाओं की ओट में छिपने का प्रयास किया है। विभागीय विरोधाभास जब 4 विभाग देख रहे, तो रिकॉर्ड कहाँ है। हाल ही में एक शिकायत के समाधान में खनिज विभाग ने दावा किया कि खदान का संचालन भारतीय खान ब्यूरो (IBM), डायरेक्टर जनरल ऑफ माइन्स सेफ्टी (DGMS), म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, और कोयला

नियंत्रक जैसे चार बड़े विभागों की निगरानी में नियम अनुसार हो रहा है। यहाँ सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि यदि इतने शक्तिशाली विभाग और स्वयं खनिज विभाग खदान की सीमाओं और संचालन पर नियंत्रण रख रहे हैं, तो फिर विभाग ने RTI में यह लिखित रूप में क्यों स्वीकार किया कि उनके पास खदान के सेफ्टी ज़ोन और बफर ज़ोन का कोई संधारित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है बिना रिकॉर्ड के इन विभागों द्वारा की जा रही निगरानी की प्रमाणिकता अब संदेह के घेरे में है ।शिकायतकर्ता को दबाने का प्रयास विभाग ने अपने जवाब में शिकायतकर्ता को आदतन शिकायतकर्ता बताते हुए शिकायत बंद करने का अनुरोध किया है। लेकिन तथ्यों की मांग करना क्या अपराध है, मनीराम अहिरवार ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने वन विभाग की शर्तों और DSR के नियमों का हवाला दिया, तो उन्हें डराने और झूठे मामलों में फंसाने की साजिश रची जाने लगी।

लोकायुक्त की दहलीज पर मामला

उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि उनके या उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसके जिम्मेदार संबंधित खनिज अधिकारी और खनन माफिया होंगे। खनिज विभाग का यह कहना कि संचालन नियम अनुसार है, उनके खुद के %रिकॉर्ड अनुपलब्ध% होने वाले बयान से मेल नहीं खाता। स्थानीय निवासियों और बसपा नेता की मांग है कि जब तक इन सुरक्षा मानकों का भौतिक सत्यापन सार्वजनिक नहीं किया जाता, तब तक खनन कार्य को %वर्क स्टॉप ऑर्डर% के तहत बंद रखा जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब इसकी उच्च स्तरीय जांच के लिए लोकायुक्त के समक्ष शिकायत दर्ज कराई जा रही है।

संदिग्ध हालात में 19 वर्षीय युवती की मौत, वायरल ऑडियो-पत्रों से बढ़े सवाल

नवभारत,गाडरवारा। संवाददाता विकास विश्नोई। पीलत नगरी चीचली में 19 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। बताया जा रहा है कि युवती रात में पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में अपने घर पर सोई थी, लेकिन सुबह परिजनों ने उसे मृत पाया। घटना के बाद परिवार और मोहल्ले में शोक व आक्रोश का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों पर स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा। घटना के बाद सोशल मीडिया पर कुछ ऑडियो क्लिप और कथित पत्र वायरल हो रहे हैं। इनमें युवती पर शादी के लिए दबाव और मानसिक प्रताड़ना के

संकेत मिल रहे हैं। मृतिका के पिता ने भी स्वीकार किया है कि चीचली का ही एक युवक उनकी बेटी पर जबरन विवाह के लिए दबाव बना रहा था। हालांकि पुलिस ने वायरल सामग्री की सत्यता की पुष्टि नहीं की है और जांच जारी होने की बात कही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच की जा सकती है। क्षेत्र में चर्चा, पुलिस के लिए चुनौती रात को स्वस्थ सोई युवती का सुबह मृत मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है—क्या यह आत्महत्या का मामला है। क्या लगातार प्रताड़ना इसका कारण बनी,या फिर कोई अन्य वजह सामने आएगी, फिलहाल चीचली क्षेत्र में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।